# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# स्कूली बच्चों को जान हथेली में रखकर करना पड़ रहा अवागमन

**जिम्मेदार कौन**

## वर्तमान में अठ्ारह किमी का फेरा लगाकर गांव पहुंचना पड़ रहा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील बंगापानी क्षेत्र का घरूडी वर्तमान में आपदा प्रभावित श्रेणी में आता है। हालात यहां आज भी बड़े जोखिम भरे है। जानकारी के मुताबिक पिछले साल आपदा काल में यहां पर लगी ट्राली गोरी नदी में समा गई। वही इलाके के ग्प्रमीणों ने स्वंय के बल पर लकड़ी की बल्लियां गाड़कर ट्राली की व्यवस्था की। दूसरी ओर नदी का जल स्तर बढ़ जाने के कारण ग्प्रमीणों की यह पहल सफल नही हो पाई।

वही ग्प्रमीणों को वर्तमान में अठ्ारह किमी का फेरा लगाकर गांव पहुंचना पड़ रहा है। सर्दी में जैसे तैसे इलाके के ग्प्रमीण नदी का वेग कम होने पर रस्सी के सहारे नदी पार कर अवागमन कर ले रहे थे। वर्तमान में नदी का जल स्तर बढ़ने से ग्प्रमीणों के साथ सबसे ज्यादा



परेशानी व जान को खतरे में डालकर स्कूली छात्र–छात्राओं को अवागमन करना पड़ रहा है।

बता दें कि आने वाले दो माह बाद मानसून काल सिर पर होगा। वही ऐसे में घरूडी के ग्प्रमीणों के साथ व स्कूली बच्चों के साथ अनहोनी घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी आखिरकार क्षेत्रीय प्रशासन की नही होगी तो किसकी होगी। कहीं न कहीं आज भी घरूडी गांव के आपदा प्रभावित गांव के स्कूली बच्चे व ग्प्रमीणों की उपेक्षा की जा रही है।

वर्तमान में घरूडी गांव के ग्प्रमीण गंभीर समस्या से जूझते हुए ऐसे में खासतौर पर देखे जा सकते है। अस्थाई ट्राली की रस्सियां नदी में समा जाने से और भी खतरा इस इलाके में मंडराने के आसार बन चुके है। यदि हालात ऐसे बने रहे तो ऐसी परिस्थिति में इलाके के ग्प्रमीणों के साथ स्कूली बच्चों को खासतौर पर बरसात के समय में जान हथेली में रखकर अवागमन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

इस बारे में धारचूला के उपजिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मानसून काल से पहले यहां पर आवाजाही के लिए ट्राली लगाने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दे दिया गया है। जल्द ही पक्की ट्राली लग जायेगी।

## न्यूज डायरी

### स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और गांवों से पलायन भी रुकेगा

**संवाददाता** बागेश्वर। कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास ने कहा कि क्षेत्र में खड़िया प्रचुर मात्रा में निकल रही है। यहां खड़िया से संबंधित पांच उद्योग लगाए जाएंगे। यहां से अब खड़िया के खट्टों में पाउडर जिले से बाहर जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और गांवों से पलायन भी रुकेगा। दास का कांडा में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। सोमवार को कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास व क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया कांडा पहुंचे। उन्होंने कालिका मंदिर में पूजा–अर्चना की। इस दौरान पहली बार कांडा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। कालिका मंदिर परिसर पर आयोजित सभा में मंत्री ने कहा कि कांडा के ससोला में स्वीकृत एएनएम ट्रेनिग स्कूल का भवन के निर्माण को शीघ्र बजट स्वीकृत होगा।

### जब तक शीर्ष नेतृत्व में बदलाव नहीं, पार्टी का भला नहीं: प्रदेश महासचिव

**संवाददाता** अल्मोड़ा। उत्तराखंड कांग्रेस में विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा। चुनाव से पहले शुरू हुआ विवाद अब भी जारी है। प्रदेश अध्यक्ष, नेता व उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त करते ही पार्टी में असंतोष पनपने लगा है। नेताप्रतिपक्ष की दौड़ में शामिल द्वाराहाट विधायक व प्रदेश महासचिव मदन सिंह बिष्ट के तेवर तल्ख हो गए हैं। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को ही निशाने पर ले लिया। कहा कि गलत फैसलों से कांग्रेस रसातल पर पहुंच गई है। कांग्रेस विधायक मदन यही नहीं रुके उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को नौसिखिया करार दे दिया। कहा कि शीर्ष पर बैठे लोग पार्टी को आगे बढ़ाने के बजाय डुबाने पर तुले हैं। दो टूक कहा कि जब तक हाईकमान में बदलाव नहीं किया जाता कांग्रेस का भला नहीं हो सकता।

### आईडीएमए द्वारा इंडियन फार्मा –ग्लोबल हेल्थ केयर समारोह का 14–15 को आयोजन

**संवाददाता** हरिद्वार। इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईडीएमए),14–15 अप्रैल को अपनी 60वें वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। जिसकी थीम इंडियन फार्मा – ग्लोबल हेल्थकेयर रखी गयी है, जिसका सन्देश है कि इतिहास का एक हिस्सा बनते हुए वर्तमान का आनंद लें और भविष्य में प्रगति करें। स्वागत नोट के साथ महासचिव पटेल– आईडीएमए, भरत शाह, अध्यक्ष–आईडीएमए डायमंड जुबली आयोजन समिति, महेश दोशी, तत्काल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष–आईडीएमए, डॉ. विरांची शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष–आईडीएमए कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा किया जायेगा।

# नियमों के विपरीत आबादी के बीच लगा हाटमिक्स प्लांट

**संवाददाता** पिथौरागढ़। एक ओर जहां इन दिनों जंगलों की आग से वातावरण में धुंध छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर बेरीनाग तहसील मुख्यालय से नौ किमी दूरी पर राईआगर–अल्मोड़ा मोटर मार्ग में झलचूना के पास नियमों को ताक पर रखकर आबादी के बीच गुपचुप ढंग से हाटमिक्स प्लांट लगाया गया है। प्लांट से उठ रहे धुंए से पर्यावरण को तो नुकसान पहुंच ही रहा है, वहीं स्थानीय लोगों के लिए भी यह मुसीबत का सबब बन चुका है। शिकायत के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

झलचूना में एनकेजी लिमिटेड नोएडा द्वारा हाटमिक्स का प्लांट लगाया गया है। जिस स्थान पर प्लांट लगाया गया है, वहां प्राकृतिक स्त्रोत और घनी आबादी है। ग्रामीणों का आरोप है कि लम्बे समय से इस प्लांट में सुबह और रात्रि को चोरी–छिपे काम किया जा रहा है। प्लांट से निकलने वाले धुएं से प्राकृतिक स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। वही, प्लांट के आस–पास के हरे–भरे पेड़ भी सूखने लगे हैं। गांव में दमा और ह्दय रोगियो को प्लांट से निकलने वाले धुएं से परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना अनुमति के यह प्लांट चल रहा है।

पूर्व में ली गई अनुमति की अवधि छह माह पूर्व समाप्त हो चुकी है। अनुमति के बारे मे पूछने पर प्लांट प्रबंधक द्वारा प्लांट की स्वीकृति नोएडा में उच्चाधिकारियों के पास होने की बात कही जाती है। क्षेत्र में प्लांट लगाने संबंधी कोई भी दस्तावेज भी कंपनी के पास नही हैं।



## पांच दिवसीय रेस्क्यू रिट्रीट का समापन

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में मानव तस्करी से पीड़ित लड़कियों के लिये पांच दिवसीय रेस्क्यू रिट्रीट का आयोजन परमार्थ निकेतन, डिवाइन शक्ति फांउडेशन, हरिजन सेवक संघ और रेस्क्यू फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। मुम्बई और दिल्ली से आयी 50 से अधिक लड़कियों के लिये परमार्थ निकेतन के आध्यात्मिक वातावरण में भारतीय संस्कृति, हवन, यज्ञ, योग, ध्यान और सत्संग आदि अनेक आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने रेस्क्यू की गयी लड़कियों को सम्बोधित कर 'नारी ही नारायणी' का संदेश देते हुये नारियों को अपनी शक्ति को पहचानने और सही मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते हुये कहा कि आपने जीवन में जो भी कर्म किये हैं उसका फल हमें ही भोगना पड़ता है इसलिये कर्म ऐसे करें जो हमें दिव्यता की ओर लेकर जायें।

# खिलाडियों एवं खेलों के विकास के लिये प्रदेश में नई खेल नीति लागू: सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर में 23वे राष्ट्रीय बॉलीबाल यूथ (महिला व पुरूष) चौम्पियनशिप का शुभारंभ किया। इस चौम्पियनशिप में पुरूष वर्ग में 27 राज्यों की तथा साई की टीम सहित कुल 28 टीमों व महिला वर्ग में 22 राज्यों की एवं साई की एक टीम शामिल है।

मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही सभी टीमों तथा पहली बार प्रतियोगिता में शामिल लद्दाख की टीम को बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि गर्मी में भी युवाओं में खेल के प्रति उत्साह व उमंग की लहरें बता रहीं है

### मुख्यमंत्री ने किया रूद्रपुर में 23वें राष्ट्रीय वालीवाल यूथ चेम्पियनशिप का शुभारम्भ

कि देश का नौजवान आसमान छूने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यह न केवल खेलों की राष्ट्रीय प्रतियोगिता है बल्कि यह देश की युवा शक्ति का भी मंच है। हमारे युवा खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का रंग बखेरते हुए देश एवं राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम घर के बच्चों को खेलने में कोई परेशानी न हो, कोई भी लाचारी या बेबसी प्रतिभा के रास्ते में अडंगा न डाले इसके लिए सरकार ने खेल नीति में व्यवस्था की है। किसी भी प्रतिभावान खिलाड़ी की प्रतिभा में किसी भी प्रकार की रूकावट न हो, हमारा यही निश्चय है। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नोकरी व खेल का माहौल उपलब्ध कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं पदक प्राप्त करने पर खिलाड़ियों पर धन की वर्षा होती है। परन्तु प्रतियोगिताओं में भाग लेने एवं अभ्यास के समय आवश्यकता पर प्रतिभाओं को मदद नहीं मिल पाती और कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता है, इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने खेल नीति–2021 को लागू किया है जिसमें खिलाड़ियों के खेलने की व्यवस्था, रहने व खाने की व्यवस्था और अच्छा प्रदर्शन करने के बाद नोकरी की भी व्यवस्था नई खेल नीति में की है।

## आंधी तूफान ने कई किसानों के घर उजाड़े

**संवाददाता** पुरोला। शनिवार को पुरोला घाटी में भूकंप के बाद आये आंधी तूफान ने कई किसानों के घर उजाड़े तो वही कुछ की रोजी– रोटी ही तबाह कर दी। कुमारकोट गांव निवासी सोबेन्द सिंह राणा व वीरेंद्र सिंह राणा ने पॉलीहाउस में लिनीयम की खेती कर खुद का स्वरोजगार तो खड़ा कर दिया मगर कुदरत को कुछ ओर ही मंजूर था ।

भीषण आंधी तूफान की तीव्रता इस कदर थी कि पुरोला तहसील के लगभग हर गांव में किसी किसान की छत तो किसी किसान की फसल बर्बाद कर दी। कुमारकोट के सोबेन्द सिंह राणा, वीरेंद्र सिंह राणा व ग्राम पुजेली के शालिक राम नोटियाल ने पॉलीहाउस लगाकर उसमें खेती कर स्वरोजगार करने की ठानी व कुछ हद तक ये सफल भी हो गये थे , शालिक राम नोटियाल ने पॉलीहाउस में विभिन्न प्रकार की पौधे तैयार की व उनको किसानों के बीच बेचकर स्वरोजगार करने की ठानी , मगर कुदरत के कहर ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।